तापमान
अधिकतम 28.5 डिग्री
न्यूनतम 9.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

12 मतदाता सूचियों का प्रकाशन मार्च के अंत तक अप्रैल माह के अंत तक कराए जा सकते हैं चुनाव




12 सीबीएसई की परीक्षा शुरू, दसवीं के साढे नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दिया मैथ का पेपर



### रेलवे चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक जाम में फंसे रहे वाहन

# सड़क निर्माण से ट्रैफिक डायवर्ट, नाईवाली चौक पर लगा जाम, बाद में डायवर्जन का स्थान बदला

सरकुलर रोड पर बस स्टैंड और बीएमजी मॉल के पास सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इस कारण रोड का एक हिस्सा बंद किया हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बस स्टैंड और बीएमजी मॉल के पास सड़क निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार सुबह नाईवाली चौक से ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया। इससे चौक से लेकर रेलवे चौक और धारूहेड़ा चुंगी तक वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। जाम लंबा होने के कारण ट्रैफिक पुलिस को रूट डायवर्ट करने का स्थान नाईवाली चौक की जगह भाड़ावास चौक पर डायवर्जन करना पड़ा। इस दौरान वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकुलर रोड पर बस स्टैंड और बीएमजी मॉल के पास सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इस कारण रोड का एक हिस्सा बंद किया हुआ है। एक ही हिस्से पर वाहनों के आवागमन के कारण जाम की समस्या गहराने लगी थी। टैफिक पुलिस ने मंगलवार सुबह नाईवाली चौक से बस स्टैंड, धारूहेड़ा और बावल की ओर जाने वाले वाहनों का रास्ता बंद कर दिया। इन वाहनों को वाया रेलवे चौक, झज्जर चौक व धारूहेड़ा चुंगी निकालना शुरू किया। इससे सरकुलर रोड के इस हिस्से पर ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ गया। देखते ही देखते नाईवाली चौक से लेकर राव गोपाल देव चौक और धारूहेड़ा चुंगी तक वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। नौकरीपेशा लोगों के वाहन जाम में फंसे रहे। बाद में कई वाहन चालकों ने आउटर बाईपास का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया, लेकिन जाम में फंसे वाहनों के लिए निकलना मुश्किल बना रहा। ट्रैफिक पुलिस के लिए हालात संभाल पाना मुश्किल हो गया।

कोर्ट की ओर नारनौल और महेंद्रगढ़ रोड से आने वाले वाहनों को लंबी दूरी और जाम का सामना करना पड़ा। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए आधे से एक घंटे तक का समय अधिक लगा।


रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर बस स्टैंड के सामने तोड़ी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। मंगलवार सुबी वन-वे करने पर नाईवाली चौक पर लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

### बदलना पड़ा ट्रैफिक डायवर्जन

*नाईवाली चौक से बस स्टैंड की ओर जाने वाला सड़क का हिस्सा ट्रैफिक के लिए बंद करने के बाद रेलवे चौक की ओर वाहनों का जाम लगातार बढ़ता चला गया। वाहनों की दो किलोमीटर लंबी लाइनें लग गईं। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने भाड़ावास चौक से वाहनों को डायवर्ट करना शुरू किया। डायवर्जन का स्थान बदलने के बाद ही वाहन चालकों को राहत मिली। कोर्ट व बावल रोड की ओर जाने वाले वाहन बाद में आसानी से निकल गए।*

### शहर में बने रहे जाम के हालात

नाईवाली चौक से धारूहेड़ा चुंगी तक वाहन जाम में फंसे रहे। नाईवाली चौक से यू-टर्न लेकर बड़ी संख्या में वाहन चालकों ने रामपुरा गांव से वैकल्पिक रूट बनाया, तो रामपुरा में भी वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। कई वाहन चालकों ने जाम से बचने के लिए शहर के अंदरूनी इलाकों से अपने वाहन निकालने शुरू कर दिए। इससे शहर के आंतरिक रोड भी जाम हो गए। शहर के लोगों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।


रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक पर बंद किया गया एक तरफा मार्ग। फोटो : हरिभूमि

### सड़क निर्माण तक रहेगी समस्या

बाहर से आने वाले वाहन चालकों को सड़क निर्माण कार्य पूरा होने तक कुछ दिन परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने जो डायवर्जन किया है, उसके मुताबिक कोर्ट व बावल रोड की ओर जाने वाले वाहन भाड़ावास चौक से अनाजमंडी की ओर होते ही बावल रोड पर चढ़ सकेंगे। दिल्ली या गुरूग्राम की ओर जाने वाले वाहनों का रूट भी यही रहेगा, जबकि रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन आसानी से निकल सकेंगे।



### भाड़ावास रोड पर बदला रूट

नाईवाली चौक से रूट बदलने के बाद जाम के हालात बिगड़ने शुरू हो गए थे। इसके बाद भाड़ावास चौक पर ट्रैफिक रूट चेंज कर दिया गया। बस स्टैंड की ओर से आने वाले वाहन पूर्व की तरह नाईवाली चौक तक आ सकेंगे, जबकि उधर जाने वाले वाहनों को अनाजमंडी की ओर से होकर गुजरना होगा। सड़क निर्माण पूरा होने तक इसी तरह की व्यवस्था रहेगी।
-बलवंत सिंह, इंचार्ज सिटी ट्रैफिक पुलिस।

## खबर संक्षेप

### पूछताछ के लिए वारंट पर लिया आरोपी

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने चोरी के तीन मामलों में पूछताछ के लिए आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने भगवानपुर गांव में मोटर चोरी करने के आरोप में गुरुग्राम के नानूकलां निवासी सुमित को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने जिले में चोरी की कई वारदातों में संलिप्त होने की बात स्वीकार की थी। अकेले सदर थाने में उसने चोरी की लगभग दो दर्जन वारदात को अंजाम दिया था। अब उसे तीन मामलों में पूछताछ करने के लिए कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है। आरोपी से चोरी की सामान बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सड़क हादसे के दो आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने रोहतक नेशनल हाइवे पर हुए सड़क हादसे के बाद गत 8 फरवरी को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने हांसावास निवासी नरबीर को गिरफ्तार कर लिया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 7 फरवरी को हुए हादसे में आरोपी चालक राजस्थान के कांकर निवासी दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हत्या के प्रयास मामले में एक और गिरफ्तार



**कुंड।** खोल थाना पुलिस ने 26 जनवरी को भालखी की सरपंच देवर सुरेंद्र उर्फ धोलिया पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। धोलिया पर गणतंत्र दिवस के दिन कई लोगों ने मिलकर हमला कर दिया था। डॉक्टरों को हाल ही में उनका एक पैर भी काटना पड़ गया। पुलिस ने घटना के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। चार आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। अब पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सुजापुर में रह रहे राजस्थान के मांढण निवासी अश्वनी को गिरफ्तार किया है। उसकी बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

### चोरी का आरोपी लिए प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने चोरी के मामलों में पूछताछ के लिए दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। थाना क्षेत्र में 4 मई 2024 को हुई चोरी की वारदात के बाद केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नूंह के गवारका निवासी शाकिर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने चोरी की वारदात के बाद 30 अगस्त 2024 को दर्ज किए गए मामले में नूंह के फिरोजपुर नमक निवासी मोहम्मद आरिफ को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। दोनों आरोपियों से चोरी का सामान बरामद करने के लिए पूछताछ की जा रही है।

### गुलेल गैंग से मंदिर से चोरी, घंटा बरामद

**रेवाड़ी।** गत दिनों प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुके गुलेल गैंग के सदस्यों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस गिरोह की सरगना महेंद्रगढ़ के पड़तल निवासी काली उर्फ संतोष, विजय व अरुण ने सीआईए की पूछताछ में मंदोला के मंदिर से पीतल का घंटा चोरी करने की वारदात भी स्वीकार की। इनकी निशानदेही के आधार पर पुलिस ने चोरी किया हुआ घंटा बरामद कर लिया। थाना खोल पुलिस ने गत वर्ष 25 मई को चोरी का केस दर्ज किया था।

# अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर पांच एकड़ की दो कॉलोनियां की जमींदोज

- डीटीपी की तोड़फोड़ की कार्रवाई से कॉलोनाइजर व प्रोपर्टी डीलरों में मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों व अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड स्थित गांव भाड़ावास में पहुंची। डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में 5 डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। टीम ने रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड स्थित गांव जाटूवास में करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में प्रारंभिक स्तर पर कच्चे रोड नेटवर्क व निर्माण को ध्वस्त कर दिया।


रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी।

### नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें



*डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। इससे लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।*

# नलकूप की केबल चोरी करते एक गिरफ्तार दूसरा चकमा देकर फरार होने में कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

चांदपुर के निकट रात के समय कुओं की केबल चोरी कर रहे दो लोगों में एक को किसान ने पकड़ लिया, जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया। दूसरे आरोपी का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस शिकायत में गज्जीवास निवासी समीर यादव ने बताया कि बीते रविवार की रात वह अपने खेत में गेहूं की फसल में पानी देने के लिए जा रहा था। जब वह अपने कुएं पर पहुंचा तो वहां दो लोग बिजली की केबल चोरी कर रहे थे। अन्य कुओं से चोरी की हुई केबल को तार निकालने के लिए जलाया हुआ था। उसने एक आरोपी को मौके पर ही काबू करते हुए उसे कमरे में बंद कर दिया, जबकि उसकी साथी फरार होने में कामयाब हो गया। उसने भाई अशोक को फोन पर घटना की सूचना दी। इसके बाद अशोक ने डायल-112 पर कॉल करते हुए पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी धर्मबीर

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया

### जली हुई केबलों के तार बरामद

*गिरफ्तार किए गए आरोपी ने अपना नाम खुर्शीद नगर निवासी धर्मबीर बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से जलाने के बाद केबलों से निकाले गए तांबे के 15 किलोग्राम से अधिक वजन के तार बरामद किए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस उसके दूसरे साथी का पता लगाने के प्रयास कर रही है।*

# साइबर ठगी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर युवती से करीब 3.86 लाख की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला प्रयागराज के गांव उपाध्याय पुरा रामनगर निवासी रोहित द्विवेदी के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव शहबाजपुर खालसा निवासी युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह गुरुग्राम की एक कंपनी में कार्यरत है। उसके मोबाइल फोन पर गत 2 जनवरी को एक लिंक आया था। उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके बैंक खाते से 3 लाख 86 हजार 78 रुपये कट गए। यह राशि 2 से 3 जनवरी के बीच विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए दूसरे खातों में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी यूपी के जिला जालौन के गांव मंडोरी हाल आबाद मोहल्ला दलालनपुरा जालौन निवासी विकास सिहोटे व यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला वीरूनगर राजगढ़ निवासी दीपक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने सोमवार एक और आरोपी रोहित द्विवेदी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रोहित द्विवेदी के खाते में ठगी की रकम के 98 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




- फोन पर लिंक भेजकर युवती से करीब 3.86 लाख की ठगी की

*लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने जिला कारागार का किया निरीक्षण*

# जेल में बंदियों व कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा के लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर जेल में बंदियों व कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह दलाल ने जस्टिस हरिपाल वर्मा का स्वागत किया। लोकायुक्त ने जेल अधीक्षक से जेल में बंद बंदियों व कैदियों की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था तथा कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जस्टिस वर्मा ने हरियाणा लोकायुक्त अधिनियम, 2002 की धारा 10 के प्रावधानों के संबंध में बंदियों और जेल अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कैदियों से स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, पेयजल, रहने की व्यवस्था और कानूनी सहायता से जुड़ी समस्याओं पर भी बातचीत की। लोकायुक्त ने जेल रसोईघर का भी निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का जायजा लिया। जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह दलाल ने लोकायुक्त को बताया कि कैदियों के लिए निर्धारित मैन्यू के अनुसार संतुलित व पौष्टिक भोजन तैयार किया जाता है और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।


वाड़ी। जिला कारागार का निरीक्षण करते लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा।

### बादल छाने से तापमान में आ सकती है गिरावट, उसके बाद आसमान रहेगा साफ

# तीन डिग्री नरम पड़े मौसम के तेवर, आज बूंदाबांदी होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फरवरी का दूसरा पखवाड़ा शुरू होते ही मौसम का गर्म मिजाज ठंडा पड़ना शुरू हो गया है। दिन के तापमान में 3.0 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम में गर्मी का असर कम हो गया। 18 फरवरी को कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। सूरज की तेज चमक बरकरार रही। 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलने से दिन का तापमान गिरकर 28.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 9.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बीते सोमवार के मुकाबले मंगलवार का दिन ठंडा रहा। इस समय तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा चल रहा है। रात के समय भी कड़ाके की ठंड का असर काफी कम हो चुका है। सुबह और शाम के समय मौसम अनुकूल बनने लगा है। सर्दी की विदाई और गर्मी की शुरूआत के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बुधवार को आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके बाद कुछ दिनों तक आसमान साफ बना रहेगा। दिन के तापमान में एक बार कमी आने के बाद यह गर्मी का अहसास कराना शुरू कर देगा। मौसम को देखते हुए एक्यूआई की स्थिति में भी सुधार देखने को मिल रहा है। धारूहेड़ा का एक्यूआई 200 से नीचे चल रहा है, जिससे अपेक्षाकृत संतोषजनक माना जाता है।


रेवाड़ी। एक खेत में पकाव की ओर सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### बारिश से मिल सकती है राहत

*मौसम गर्म होने के बाद गेहूं की फसल को सिंचाई की ज्यादा आवश्यकता है। सरसों की अगेती फसल पककर तैयार हो रही है। पछेती सरसों को भी सिंचाई की जरूरत है। तापमान बढ़ने के बाद गेहूं की फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई। तेज धूप से रेत गर्म होने के बाद दीमक जमीन से बाहर आकर गेहूं के तने पर हमला करती है, जिससे फसल उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होता है। इस समय अगर हल्की बरसात होती है, तो वह दोनों फसलों के लिए लाभदायी साबित होगी।*

### सड़क हादसे में कंपनी कर्मचारी की मौत, बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** दो बाइकों की भिड़ंत में एक कंपनी कर्मचारी युवक की मौत के बाद रोहड़ाई थाना पुलिस ने दूसरे बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बाइक चालक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। रोहड़ाई थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में रतनथल निवासी प्रहलाद सिंह ने बताया कि गत 7 फरवरी को उसका बेटा प्रद्युमन बाइक लेकर लुहारी स्थित प्राइवेट कंपनी में ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहा था। शाम को लगभग 6:30 बजे घर लौटते समय गुरावड़ा व हंसावास के बीच रेलवे अंडरपास के करीब हांसावास की तरफ सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रद्युमन को गंभीरावस्था अवस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रहलाद की शिकायत के बाद दूसरे बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style



# मोना
## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▸▸ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख




हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर अनुदान का ऑनलाइन ड्रा 20 को

**नारनौल।** हरियाणा सरकार न केवल खेती किसानी को लाभप्रद बना रही है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को भी मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को नए ट्रैक्टर की खरीद पर भारी अनुदान देने की योजना को अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों को नए ट्रैक्टर की खरीद पर अनुदान देने के लिए लाभार्थी किसानों का चयन करने के लिए ऑनलाइन ड्रा 20 फरवरी को लघु सचिवालय में निकाला जाएगा।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में कन्वेंशन 22 को

**नारनौल।** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा व सावित्री बाई ज्योतिबा फुले फांउडेशन के तत्वावधान में 22 फरवरी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन मालवीय नगर में शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के निजीकरण के खिलाफ कन्वेंशन होगी। प्रधान शेरसिंह अध्यक्ष राष्टीय बौद्ध महासभा व कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट प्रधान सावित्री बाई ज्योतिबा फुले फांउडेशन ने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार मनुष्य की मुलभूत सुविधा है।

### वकील को मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

**नारनौल।** जिला न्यायालय में प्रेक्टिस करने वाले एक वकील को दो माह से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस बारे में पीड़ति वकील ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जिला न्यायालय में कार्यरत वकील प्रमोद कुमार यादव ने थाना सिटी के एसएचओ को शिकायत देकर बताया कि उन्हें दिसंबर 2025 में एक मोबाइल नंबर से कई बार कॉल आई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। तब उसे जान से मारने और वकालत छोड़ने की धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 17 दिसंबर 2025 को महावीर पुलिस चौकी में शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने दी जानकारी

# होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए 4 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का होगा संचालन

**इस रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 20 डिब्बे होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 4 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 04829, जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 5, 12, 19 व 26 मार्च को जोधपुर से प्रत्येक वीरवार को शाम 4:15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को रात्रि 8:50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04830 गोरखपुर-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 6, 13, 20 व 27 मार्च को गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को रात्रि 11:25 बजे



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

रवाना होकर रविवार को सुबह 3 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह रलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटु, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, महेन्द्रगढ, रेवाड़ी, गुरुग्रमा, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्याधाम, मनकापुर, बस्ती व खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 20 डिब्बे होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04731 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 1 मार्च से 29 मार्च तक श्रीगंगानगर से प्रत्येक रविवार को दोपहर 1:25 बजे रवाना होकर अगले दिन रात्रि 11:30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04732 समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 3 मार्च से 31 मार्च तक समस्तीपुर से प्रत्येक मंगलवार को दोपहर एक बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 12:20 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ,संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर व मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकेड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होंगे।

### गाड़ी संख्या 04729 श्रीगंगानगर-गोरखपुर स्पेशल रेलसेवा

गाड़ी संख्या 04729 श्रीगंगानगर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 26 फरवरी से 26 मार्च तक श्रीगंगानगर से प्रत्येक वीरवार को दोपहर 1:25 बजे रवाना होकर शुक्रवार को शाम 4:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04730 गोरखपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 27 फरवरी से 27 मार्च तक गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को शाम 7:30 बजे रवाना होकर रविवार को मध्यरात्रि 2:45 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, संगरिया, मंडी डबवाली, रामां, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बलरामपुर, बढ़नी व सिद्धार्थनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकेंड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 09609, उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 3 मार्च से 31 मार्च तक उदयपुर सिटी से प्रत्येक मंगलवार को दोहपर 1:45 बजे रवाना होकर बुधवार को सुबह 10:15 बजे योगनगरी ऋषिकेश पहुंचेगी।

### योगनगरी ऋषिकेश-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09610,योगनगरी ऋषिकेश-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 4 मार्च से 1 अप्रैल तक योगनगरी ऋषिकेश से प्रत्येक बुधवार को शाम 5:55 बजे रवाना होकर वीरवार को शाम 3:30 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, फतेहनगर, चित्तौडगढ, भीलवाडा, मांडल, विजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, अलवर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट, दिल्ली, शामली, रामपुर मनिहारान, टपरी जंक्शन, रूडकी व हरिद्वार स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकेंड एसी, 3 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी, 5 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बा सहित कुल 16 डिब्बे होंगे।

## सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया। निदेशक संदीप प्रसाद ने इस ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षको को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने बताया कि सूरज के विद्यार्थियों ने शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में बहुमुखी आयाम स्थापित कर जिले को पूरे हरियाणा में नई पहचान दिलाई है।

## अटेली में खुलेगा एक्सईएन कार्यालय

- एक्सईएन स्तर के कार्यों के लिए अटेली क्षेत्र की जनता को नारनौल नहीं जाना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र से एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। अब अटेली में बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) का कार्यालय खोला जाएगा। इसके पश्चात एक्सईएन स्तर के कार्यों के लिए अटेली क्षेत्र की जनता को नारनौल नहीं जाना पड़ेगा और उनके कार्य घरद्वार के नजदीक ही हो जाएंगे।

इस कार्य का श्रेय सीधे तौर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों को जाता है। इससे क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और शिकायतों का समाधान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से हो सकेगा। बता दें कि दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 17 नए ऑपरेशन डिवीजन गठित करने का निर्णय लिया गया है।


मंडी अटेली। अटेली का उपमंडल स्तर का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में एक्सईएन कार्यालय शुरू

बढ़ते बिजली कनेक्शनों और कार्यभार को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नई व्यवस्था के तहत संबंधित मुख्य अभियंताओं को आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार कर डिवीजनों को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अटेली को भी यह महत्वपूर्ण सुविधा मिली है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पहले छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी उन्हें दूर–दराज के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। फॉल्ट, बिलिंग गड़बड़ी, ट्रांसफार्मर खराबी और नए कनेक्शन जैसी समस्याओं के समाधान में देरी होती थी। अब एक्सईएन स्तर के अधिकारी के स्थानीय स्तर पर बैठने से निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार आएगा। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे दिन-प्रतिदिन अटेली के विकास के लिए कार्य कर रही हैं।

## जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास




**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, परिधी जैन ने 99.33, नमन ने 99.32, आदित्य ने 99.30, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिदम ने 99.13, खुशी ने 99.12, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, जतिन ने 99.03, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, शिखर यादव ने 99.02 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

## हाल ही में बना कनीना-कोसली स्टेट हाईवे दरका

- ठेकेदार व विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालिया निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

हाल ही में बनाए गए कनीना-कोसली स्टेट हाईवे के जगह-जगह से दरकने के बाद रोड़ियां बिखर गई है जिनसे सड़क हादसों की आशंका बनी हुई है। रोड बनाने के कुछ समय बाद ही उसके हालात बदतर होने से ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए हैं। टूटे रोड को लेकर वाहन चालकों तथा आमजन में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

बता दें की कनीना से कारोली मोड़ तक टूटे इस सड़क मार्ग को लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाया गया है, जो पिछले लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। बीते जुलाई-अगस्त माह में बारिश समय इसके हालात ओर अधिक बिगड़ गए थे। सड़क में बने गड्ढों से हादसों की संभावना बनी हुई थी। बढ़ते यातायात दबाव के कारण सड़क की हालत बदतर हो चली थी। कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग एनएच 152डी से गुजरने वाले वाहन चालक भी यहां से आवागमन करते हैं।


कनीना। नवनिर्मित कनीना कोसली मुख्य मार्ग। फोटो : हरिभूमि

### मार्ग को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता नवल कुमार ने बताया कि कनीना-कोसली रोड उनके विभाग की ओर से बनाया गया था। रोड यहां टूटा हुआ था वहां पर भलिभांति मैटेरियल लगा है, जबकि जिस स्थान पर रोड की हालत ठीक थी, वहां से मैटेरियल हटने की शिकायत है। टूटे हुए इस मार्ग को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा।

## नारनौल का बनेगा रिंग रोडः आईएमएलएच व मेडिकल कॉलेज की होगी कनेक्टिविटी

- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुगम यातायात के विजन को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से जुटा हुआ है। इसी कड़ी में मंगलवार को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में प्रस्तावित सिक्स लेन नारनौल बाईपास को विस्तार देने की परियोजना की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस बाईपास का निर्माण होने से न केवल शहर के निवासियों को भारी वाहनों के दबाव और जाम से स्थायी राहत मिलेगी, बल्कि यह क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए भी एक नई जीवन रेखा बनेगा। यह परियोजना जिला के लिए गेम चेंजर साबित होने वाली है।

उन्होंने बताया कि यह बाईपास नारनौल में बन रहे इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब व महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज के साथ सीधे जोड़ने का काम करेगा, जिससे भविष्य में औद्योगिक गतिविधियों में इजाफा होगा।

### 15 दिन में जवाब नहीं देने पर एक तरफा कार्रवाई का अल्टीमेटम

## एनसीसी विवाद में नांगल चौधरी स्कूल के प्राचार्य को चार्जशीट

- दाखिलों से वंचित होने पर अभिभावकों व विद्यार्थियों ने धरना-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

माध्यमिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक ने नांगल चौधरी सीनियर सकेंडरी स्कूल के प्राचार्य बस्तीराम को चार्जशीट कर दिया। साथ ही उन्होंने निर्धारित आरोपों का जवाब 15 दिन में व्यक्तिगत उपस्थिति से देना होगा। आदेशों की अनदेखी करने पर एक तरफा कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कर्मचारी आचरण एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।


राजकीय वरिष्ठ विद्यालय।

उन्होंने प्राचार्य की गतिविधियों पर असंतोष व्यक्त किया है जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान हुआ है।

आपको बता दें कि सीनियर सकेंडरी स्कूल में करीब 60 साल से 50 दाखिलों की अनुमति है। पंजीकृत दाखिलों पर विभाग ए ग्रेड सर्टीफिकेट मुहैया कराता है जिससे आर्मी व अन्य विभागों की मैरिट में बोनस अंक मिलते हैं। लेकिन बस्तीराम ने बतौर प्राचार्य चार्ज संभालते ही एनसीसी के दाखिलों पर रोक लगा दी तथा विभाग को एनसीसी वापस लेने की सिफारिश भेज दी। दाखिलों से वंचित होने पर अभिभावकों व विद्यार्थियों ने धरना-प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। जिससे आक्रोशित प्राचार्य ने एनसीसी अधिकारी को पदमुक्त कर दिया, जिस पर एनसीसी कमांडेंट ने आपत्ति भी दर्ज करवाई। बावजूद प्राचार्य ने अपना निर्णय नहीं पलटा तथा कमांडेंट के साथ अशोभनीय बर्ताव करना आरंभ कर दिया।

## सीआरपीएफ के जवान ने एमपी के शिवपुरी में की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव बड़कोदा निवासी सीआरपीएफ जवान ने मध्यप्रदेश के शिवपुरी में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शव लाने उपरांत मंगलवार को जवान का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

जानकारी मुताबिक गांव बड़कौदा निवासी करीब 48 वर्षीय जोगेंद्र सिंह वर्ष 2004 में सीआरपीएफ में लगे थे। इसके बाद उनकी देश के अनेक राज्यों में ड्यूटी रही। वे फिलहाल मध्यप्रदेश के शिवपुरी में तैनात थे। वह कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि सोमवार को जोगेंद्र सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते शिवपुरी में आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना शाम को परिजनों को दी गई। इसके उपरांत आवश्यक कार्रवाई कर शव को पैतृक गांव बड़कोदा लाया गया। गांव के सरपंच सहेंद्र सिंह ने बताया कि जोगेंद्र सिंह ने करीब 22 वर्षों तक देश की सेवा की है। उन्होंने बताया कि उनका स्वभाव बहुत ही अच्छा था। जोगेंद्र सिंह ने सुसाइड क्यों किया, इसका परिजनों को अभी पता नहीं चला है। सरपंच ने बताया कि जोगेंद्र सिंह के दो लड़के व एक लड़की हैं। दोनों लड़कों में एक लड़का दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में लाइनमैन लगा हुआ है, जबकि दूसरा लड़का अभी पढ़ाई कर रहा है। वहीं लड़की की शादी हो चुकी है। बता दें कि जोगेंद्र सिंह के पिता लालचंद भी सीआरपीएफ से रिटायर हुए थे। माता–पिता जमीदारा करते हैं। उनकी पत्नी घरेलू महिला है। जोगेंद्र कुमार का मंगलवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पुष्पांजलि हॉस्पिटल में कैंसर जागरूकता एवं एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक का सेवन गंभीर संक्रमणों को दे सकता जन्मः डॉ. नीरज

- डॉ. पूजा अनेजा ने कैंसर के सफल उपचार में समय पर जांच एवं जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आईएमए टीम ने मंगलवार को पुष्पांजलि हॉस्पिटल में कैंसर जागरूकता एवं एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर आईएमए अध्यक्ष डा. नीरज यादव ने बताया कि टीम की ओर से पूरे माह में व्यापक कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए एंटीबायोटिक्स के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया और इसे जनस्वास्थ्य की गंभीर चुनौती बताया। डा. पूजा अनेजा ने कैंसर के सफल उपचार में समय पर जांच एवं जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. पूनम यादव ने स्तन कैंसर पर जानकारी देते हुए महिलाओं को स्व-स्तन परीक्षण, नियमित मैमोग्राफी एवं यूएसजी जांच के महत्व से अवगत कराया। डा. किरण ने सर्वाइकल कैंसर एकमात्र ऐसा कैंसर है, जिसकी रोकथाम के लिए प्रभावी वैक्सीन उपलब्ध है। समय पर पैप स्मीयर जांच एवं टीकाकरण से इसे प्रारंभिक अवस्था में रोका जा सकता है। डा. पूजा अनेजा ने बताया कि फेफड़ों का कैंसर केवल धूम्रपान करने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि पैसिव स्मोकिंग, बायोमास ईंधन का धुआं, बढ़ता वायु प्रदूषण भी इसके प्रमुख कारण हैं। डा. नीरज यादव ने बताया कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक्स का सेवन, अधूरा कोर्स तथा स्व-औषधि उपयोग भविष्य में गंभीर संक्रमणों को जन्म दे सकता है।


रेवाड़ी। लोगों को जानकारी देते हुए डा. नीरज यादव। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

## जमानत पर आए युवक पर तेज धारदार हथियारों से हमला, गंभीर घायल

**नारनौल।** जमानत पर आए पटीकरा के एक युवक पर दूसरे गुट के युवकों ने लाठी–डंडों एवं तेज धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राहुल उर्फ चीकू के रूप में हुई है, जिसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घायल के भाई सोनू ने बताया कि राहुल को जमानत पर घर लाया गया था। शाम के समय कुछ लोग पहले स्कॉर्पियो गाड़ी में आए। उसके बाद सफेद रंग की कैंपर और फिर थार में अन्य युवक भी पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने तेजधार हथियारों से राहुल पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर परिजनों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई।

## खबर संक्षेप




### कबड्डी की विजेता बनी ज्ञानदीप की छात्राएं

**बावल।** रेफल्स यूनिवर्सिटी नीमराणा में आयोजित ओपन गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता में ज्ञानदीप संस्थान की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल, मजबूत रक्षा और प्रभावशाली आक्रमण का प्रदर्शन कर सभी मुकाबलों में जीत हासिल की। स्कूल की चेयरपर्सन शशिबाला ने कहा कि ये जीत कबड्डी कोच योगेश के नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम है। चेयरपर्सन ने भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन दिया, जिससे टीम का मनोबल मजबूत हुआ। विजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### हादसे में युवक की मौत के बाद चालक काबू

**रेवाड़ी।** गत सोमवार तड़के कमालपुर के पास कार की टक्कर से युवक की मौत मामले में पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस हादसे में कंपनी में कार्यरत निमोठ निवासी 27 वर्षीय हरीश कुमार की मौत हो गई थी। वह बाइक लेकर घर से ड्यूटी पर जा रहा था। हादसा रात को नहीं, बल्कि सुबह के समय हुआ था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। राजस्थान के कृपाराम की ढाणी निवासी मदन को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**कोसली।** क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर उनकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दसवीं कक्षा में पढ़ रही लड़की व लड़का सोमवार शाम 4:30 बजे गांव में स्थित एक दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में गांव के युवक ने लड़की का हाथ पकड़कर अपने घर में खींच लिया। उनके लड़के ने जब घर आकर बताया तो लड़की की तलाश की गई, जोकि दुकानदार के प्लाट के पीछे मिली। पूछताछ करने पर लड़की ने बताया कि आरोपी युवक ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट की धारा में मामला दर्ज कर लिया है।

### सीबीएसई की ओर से जिले में 26 परीक्षा केंद्र बनाए

# परीक्षा शुरू, दसवीं के साढ़े नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दिया मैथ का पेपर



रेवाड़ी। होली चाइल्ड स्कूल से दसवीं का पेपर देकर निकलते परीक्षार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

- जिले में 26 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं व 12वीं के 19134 विद्यार्थी देंगे बोर्ड एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानि सीबीएसई की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। सीबीएसई की ओर से जिले में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 10वीं व 12वीं के 19134 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 9924 विद्यार्थी, जबकि 12वीं की परीक्षा में 9210 विद्यार्थी शामिल होंगे। पहले दिन दसवीं के साढे नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित की परीक्षा दी। परीक्षा में सुबह 10 बजे बाद एंट्री नहीं दी गई। विद्यार्थियों के लिए विद्यालय की ओर से सत्यापित प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य था। नियमित विद्यार्थियों को विद्यालय यूनिफार्म में ही केंद्र में प्रवेश दिया गया। निगरानी के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उड़नदस्तों की भी तैनाती रही।

#### शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा के किए इंतजाम



एसपी मीणा ने बताया की परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों एवं यातायात अव्यवस्था को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निदश दिए गए है। परीक्षा केंद्रों के आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त की जाएगी। 200 मीटर के दायरे में किसी भी संदिग्ध या शरारती तत्व की उपस्थिति पाए जाने पर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। एसपी ने कहा कि परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाह, पेपर लीक या भ्रामक सूचना सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर टीम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान फोटोकॉपी दुकाने और साइबर कैफे सुबह से परीक्षा समाप्त होने तक बंद रहेंगे, ताकि परीक्षा के दौरान कोई भी अवैध सामग्री साझा न की जा सके। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों एवं आमजन से अपील की है कि वे अपने गांवों में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर नजर रखें तथा नकल जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

**परीक्षा केंदों पर 11 अप्रैल तक धारा 163 लागू**

सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला पुलिस की ओर से व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने जिले में मंगलवार से 11 अप्रैल तक धारा 163 लागू की है। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल, पीसीआर एवं राइडर टीमें तैनात की गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सीहा स्कूल की मीनाक्षी बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से अलंकृत

- *शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरूरी*
- *प्राचार्य ने छात्रजीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग व विदाई गीत सुनाकर भावविभोर किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दादूपंथी आश्रम सीहा के महंत स्वामी नरोत्तमदास महाराज ने कहा कि विद्यालय और समाज एक दूसरे के पूरक होते हैं, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरूरी हैं। महंत स्वामी नरोत्तमदास महाराज मंगलवार को सीहा के सरकारी स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने की। कार्यक्रम में एमिनेंट पर्सन विक्रम पांडे के मुख्य अतिथि, युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज व महासचिव प्रदीप यादव ने विशिष्ट अतिथि तथा लेखक यशपाल आर्य मुख्य वक्ता थे। युवा संत दीपदास महाराज विशेष आमंत्रित मेहमान थे। 20 विद्यार्थियों को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द क्लॉस तथा छात्रा मीनाक्षी को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से अलंकृत किया गया। प्राचार्य नाहड़िया ने छात्रजीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग व विदाई गीत सुनाकर भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने कला अध्यापिका लक्ष्मी यादव के निर्देशन में तैयार किए गए मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

**ये रहे मौजूद**

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरबीर, पूर्व पंच हनुमान, रामनिवास, विजय, रेशमा, उगंतीदेवी व राजू सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। वरिष्ठ प्राध्यापक हरीश कुमार ने सभी का आभार जताया।

## बसंत उत्सव सम्पन्न, हरियाणवी सोलो डांस में हिमानी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

राजकीय महाविद्यालय कोसली में आयोजित दो दिवसीय बसंत उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वसंत उत्सव में गायन, कविता पाठ, भाषण, मेहंदी बनाओ, रंगोली, पोस्टर मेकिंग तथा नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीर कुमार यादव ने कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम**

हरियाणवी सोलो डांस में बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा हिमानी ने प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा टिन्नी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस में पूजा एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस अन्य श्रेणी में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा साधना प्रथम रही। गायन प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान प्रथम तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा संगीता द्वितीय स्थान पर रही। कविता पाठ में मुस्कान बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम तथा हिमानी बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम तथा अनु द्वितीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में अंजलि बीए फाइनल ने प्रथम तथा पायल बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में तनु बीए द्वितीय वर्ष प्रथम तथा हिमानी द्वितीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में हिमानी बीएससी तृतीय वर्ष प्रथम तथा हिमांशु बीएससी द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। प्राचार्या डा. लाज कौशल ने सभी का आभार व्यक्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. संध्या, प्रो. त्रिदेव एवं डा. सुनील ने निभाई।



**ये रहे मौजूद**

सुरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश यादव, मनजीत सिंह, संजीव कुमार, नागेश कुमार, प्रो. प्रवीण, मोनिका, शशि, अंजलि, जसवंत जाखड़, डा. मोनिया, सविता, नीलम यादव व रेनू यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### गांव मालपुरा में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 19 फरवरी को गांव मालपुरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## एंटीबायोटिक दवाओं से होने वाले नुकसान बताएं

- खतरनाक हो सकता है एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



अहीर कॉलेज तथा अहीर नर्सिंग महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एंटीबायोटिक दवाओं के सही उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एंटीबायोटिक दवाओं के ज्यादा सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करना खतरनाक हो सकता है, जिससे शरीर में दवा का असर कम हो जाता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है।

## खबर संक्षेप

### जतिन ने जेईई मेन परीक्षा में पाई सफलता



**धारूहेड़ा।** गांव खरखड़ा निवासी जतिन यादव ने जेईई मेन में 98.6 पर्सेंटाइल हासिल कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जतिन, देशराज यादव के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि के पीछे उनके दादा रिटायर्ड मास्टर भूप सिंह का मार्गदर्शन रहा है। भूप सिंह ने हमेशा जतिन को शिक्षा का महत्व समझाया और मेहनत के लिए प्रेरित किया, जिसका परिणाम आज इस बड़ी सफलता के रूप में सामने आया है। जतिन ने बताया कि उनका लक्ष्य आगे चलकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान से इंजीनियरिंग कर देश की सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी, माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।



### माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने का आह्वान

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को जिला युवा कार्यालय की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी सुमित यादव मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। सुमित यादव ने भारत सरकार की ओर से युवाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी व माय भारत पोर्टल के बारे में बताया। युवाओं से आह्वान किया कि वे माय भारत पोर्टल पर स्वयं को रजिस्टर करें, जिस पर युवाओं से संबंधित विभिन्न तरह के कोर्सेज व प्रतियोगिताओं का समय-समय पर आयोजन किया जाता है। वर्तमान में पोर्टल पर बजट क्वेस्ट नामक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज स्टाफ से नरेंद्र सिंह, डा. हरीश कुमार, डा. स्वाति व तिलक कुमार सहित छात्राएं उपस्थित रही।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 तक



**रेवाड़ी।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं,पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए छात्र को पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए, छात्र हरियाणा राज्य का निवासी हो और छात्र की वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक न हो।

### कैंप में 250 विद्यार्थियों ने करवाई नेत्र जांच



**रेवाड़ी।** गोल्डन लॉयनेस क्लब की ओर से मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित सतीश पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। क्लब की प्रधान लॉयनेस मधु भार्गव की अध्यक्षता में निजी अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में 250 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई तथा उन्हें उचित दवाइयां भी दी गई। डा. भूपेंद्र यादव ने कहा कि हमारे जीवन में आंखों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि यदि आपको ब्लैक बोर्ड पर लिखित अक्षर धुंधले दिखाई दे तो तुरंत आंखों की जांच कराए। उन्होंने कहा कि आंखों को दुरस्त बनाए रखने के लिए अपने भोजन में हरी सब्जियों का अधिक से अधिक प्रयोग करे। जतिन कुमार ने आंखों की जांच कर बच्चों को चश्मे के नम्बर दिए। क्लब की प्रधान मधु भार्गव ने नेत्र विशेषज्ञों व प्राचार्या संगीता यादव सहित सभी का आभार जताया।



### श्रद्धालुओं का पैदल जत्था खाटू श्याम रवाना

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र से फाल्गुन शुक्ल द्वादशी के पावन पर्व पर खाटू श्याम मेले में भाग लेने के लिए आठ श्रद्धालुओं का एक जत्था मंगलवार को श्रीश्याम मंदिर से ध्वजा निशान लेकर रवाना हुआ। जत्थे में शंकर गर्ग, शुभम मंगल, वंश बंसल, सचिन अग्रवाल, गौरव गर्ग, अंकित गर्ग, सचिन कुमार व सुमित गर्ग शामिल थे। कोसली क्षेत्र से हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ध्वजा निशान के साथ पैदल खाटू श्याम की यात्रा करते हैं। कोसली में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा खाटू धाम के लिए निशान लेकर पैदल यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए जाते हैं।

### महिला से सोने की चेन झपटने का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने बास रोड सैय्यद कॉलोनी निवासी एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने का केस दर्ज किया है। पुलिस थाने के बार-बार चक्कर लगाने के बाद यह अब दर्ज हुआ है, जबकि वारदात 9 दिन पहले हुई थी। एक कंपनी में कार्यरत शारदा कुमारी ने बताया कि वह गत 8 फरवरी को कस्बे में निकली श्रीश्याम बाबा की कलाश यात्रा में शामिल होने के लिए गई थी। भारी भीड़ के चलते किसी ने उसक गले से सोने की चेन झपट ली। कलश यात्रा से वापस आने के बाद जब उसे चेन नहीं मिली, तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। शारदा ने आरोप लगाया कि पुलिस घटना के बाद केस दर्ज करने की बजाय बार-बार थाने में उसके चक्कर लगवाती रही। आखिरकार पुलिस ने सोमवार को उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### गवर्नमेंट स्कूल कंवाली की छात्रा पल्लवी ने उत्तीर्ण की जेईई मेन परीक्षा

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली की छात्रा ने जेईई मेन की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मंगलवार को स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्रा को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य अनिल यादव ने कहा कि सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को यदि उचित मार्गदर्शन मिले तो किसी भी परीक्षा को पास कर सकते हैं। छात्रा पल्लवी ने जेईई मेन की परीक्षा पास करके यह साबित किया है। पल्लवी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता प्रवीण कुमार, सीमादेवी तथा स्कूल अध्यापकों के मार्गदर्शन को दिया है। पल्लवी ने कहा कि वह अप्रैल में होने वाले आईआईटी एडवांस की परीक्षा में सफल होकर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर अपने गांव व देश का नाम रोशन करना चाहती है। इस अवसर पर मिथिलेश कुमारी, पिंकी यादव, पिंकी, अदिति, प्रदीप, राम सिंह, पूजा, सुनीता, सुमेर सिंह, श्रीभगवान, करण सिंह, दीपिका, किरण, राकेश, दिनेश व रमेश कुमारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। कंवाली स्कूल में छात्रा पल्लवी का सम्मान करते शिक्षक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**चुनाव** नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका के होने हैं चुनाव

# मतदाता सूचियों का प्रकाशन मार्च के अंत तक अप्रैल के अंत तक कराए जा सकते हैं चुनाव

- मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन में देरी के चलते चुनाव कुछ माह बाद कराए जाने के आसार बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

**मतदाता सूचियों के वितरण का कार्य शुरू**




रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका के चुनाव अप्रैल माह में हो सकते हैं। निकाय प्रशासन की ओर से मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की दिशा में तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार से मतदाता सूचियों के वितरण का कार्य शुरू हो गया है। अंतिम प्रकाशन की तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है, जिससे चुनाव अप्रैल या मई माह में कराने की संभावना है।

नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका का कार्यकाल जनवरी माह में पूरा हो गया था। इसके बाद इनकी शक्तियां प्रशासक के हाथों में आ गई थीं। पहले चुनाव फरवरी या मार्च में ही कराए जाने के कयास लगाए जा रहे थे, परंतु मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन में देरी के चलते चुनाव कुछ माह बाद कराए जाने के आसार बन गए हैं। शहर में इस बार वार्डों की संख्या 31 की जगह 32 की गई है। वार्ड बंदी का कार्य पूरा हो चुका है। अब मतदाता सूचियों के प्रकाशन का कार्य होना है। मंगलवार को नप प्रशासक की ओर से शहर में मतदाता सूचियों के वितरण की प्रक्रिया शुरू की दी। यह कार्य 27 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद 28 फरवरी से दावे व आपत्तियां मांगी जाएंगी। 19 मार्च को डीसी अपील डिस्पोज करेंगे, जबकि 27 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन निर्धारित किया गया है। इसी तरह की प्रक्रिया धारूहेड़ा नगर पालिका की ओर से भी शुरू की जा चुकी है।

#### हलचल के बाद शांत हुए दावेदार

निकायों का कार्यकाल पूरा होते ही चुनाव की संभावना को देखते हुए संभावित दावेदारों ने हलचल तेज कर दी थी। नगर परिषद के चेयरमैन पद को लेकर हुए ड्रा से सामान्य वर्ग के उन लोगों को झटका लगा था, जो चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। एससी हरिजन महिला के लिए सीट आरक्षित होने के बाद सामान्य वर्ग के दावेदार अब शांत बैठकर तमाशा देखने तक सीमित रह गए हैं। हरिजन महिला दावेदार भी चुनावों में समय होने के कारण अभी टिकट की दौड़ में शामिल होने से बच रही हैं।

#### दूसरे दल अभी नहीं आ रहे सामने

निकाय चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों में कुछ हलचल जरूर है, परंतु दूसरे दल अभी सामने नहीं आ रहे हैं। इनेलो, जेजेपी और आम आदमी पार्टी की ओर इन चुनावों को लेकर कोई चर्चा तक नहीं की जा रही है। पिछले चुनावों में जेजेपी ने धारूहेड़ा में चेयरमैनी हासिल करने के पूरा जोर लगाया था। एक बार चुनाव कैंसिल होने के बाद दूसरी बार जेजेपी का जोश भी ठंडा पड़ गया था। इस बार इन दलों ने चुनावों को लेकर कोई खास तैयारी तक शुरू नहीं की है।